पर्चा डिक्री

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) एवं सहायक कलक्टर टिब्बी,जिलाहनुमानगढ़

पीठासीनअधिकारी :-श्री सत्यनारायण आर.ए.एस.

प्रकरण संख्या – 24/2025

अनवान :

मनोज कुमार पुत्र अमरचन्द जाति जाट निवासी डबलीकलां तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़। वादी

बनाम

1.अमरचन्द पुत्र साहबराम जाति जाट निवासी डबलीकलां तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़।

2.मन्जू पुत्री अमरचन्द जाति जाट निवासी डबलीकलां तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़।

3.तहसीलदार राजस्व टिब्बी।

4.तहसीलदार राजस्व हनुमानगढ़।

प्रतिवादीगण

दावा बाबत घोषणा अन्तर्गत धारा
88 राजस्थान काश्तकारी अधि0 1955

उपस्थितिः– 1 अधिवक्ता श्री महेश गौड़ :–वादी
2 अधिवक्ता श्री सुनील शर्मा :–प्रतिवादीगण

डिक्री दिनांक 31/01/25

आज यह वाद मुझ सत्यनारायण उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर टिब्बी के समक्ष वकील वादी श्री महेश गौड व सुनील शर्मा अधिवक्ता प्रतिवादीगण अंतिम निपटारे/ निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबूतों एवं प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाकर घोषणा की जाती है कि चकनं0 10 डीबीएल के खाता सं0 67/62 में कुल 5.073 है0 कमाण्ड, अ0क0 मय गै0मु0 आराजी में प्रतिवादीसं0 1 का 1/6 हिस्सा, चक नं0 10 डीबीएल के खाता सं0 3/3 में कुल 0.126 है0 कमाण्ड आराजी में प्रतिवादी सं0 1 का 1/2 हिस्सा, चकनं0 14 डीबीएल के खाता सं0 132/107 में कुल 1.897 है0 कमाण्ड, अ0क0 मय गै0मु0 आराजी में प्रतिवादी सं0 1 का 1/6 हिस्सा, तहसील हनुमानगढ के चकनं0 9 एम.जैड डबल्यू के खाता सं0 2/53 में कुल 2.277 है0 कमाण्ड, अनकमाण्ड आराजी में 1/6 हिस्सा आराजी का वादी को खातेदार काश्तकार घोषित किया जाकर चकनं0 10 डीबीएल के खाता सं0 67/62, इसी चक के खाता सं0 3/3, चक नं0 14 डीबीएल के खाता सं0 132/107, चकनं0 9 एम.जैड डबल्यू

उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलेक्टर टिब्बी

Scanned with CamScanner

के खाता सं0 2/53 में से प्रतिवादी सं0 1 अमरचन्द का नाम कलमजन किये जाने के आदेश दिये जाते है।तहसीलदार टिब्बी को आदेशित किया जाता है कि यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन नही हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे।

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 31/01/25...... को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

(सत्यनारायण R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
टिब्बी

Scanned with CamScanner